| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **The Times of India** | **Language** | English |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | TNN |
| **Date** | 01/07/2025 | **Page no** | 18 |
| **CCM** | 39.94 | | |

# Announce co-op policy by Jan: Shah to states

Announce co-op policy by Jan: Shah to states

TIMES NEWS NETWORK

**New Delhi:** Union home and cooperation minister Amit Shah Monday said a national cooperative policy will soon be announced, which will be effective from 2025 to 2045 — ending ahead of India centenary of Independence in 2047.

Addressing the 'Manthan Baithak' meeting of ministers of cooperation of all states and UTs here, Shah said under the national cooperative policy, each state will formulate its own cooperative policy as per local needs.

Suggesting that every state announce its cooperative policy before Jan 31, 2026, he said Model National Cooperative Policy Act will bring discipline, innovation and transparency to the cooperative sector across the country.



Amit Shah chairs a 'Manthan Baithak' with cooperation ministers of all states and Union territories in New Delhi on Monday

The purpose of the 'Manthan Baithak', marking the celebration of the International Year of Cooperatives (IYC) 2025, was to review ongoing schemes to strengthen the cooperative movement in India, assess achievements, and provide a dynamic platform to promote collaboration.

Speaking about expanding the footprints of cooperatives in the country, Shah said the Modi govt's goal is that there should not be a single village in the country without a cooperative within the next five years, and the newly created national cooperative database should be used to achieve this goal.

The meeting focused on comprehensive evaluation of initiatives taken by the ministry of cooperation to facilitate meaningful exchange of best practices, policy suggestions and implementation strategies among states and UTs. The main points discussed included progress on setting up of two lakh Multi-Purpose Primary Agricultural Credit Societies (M-PACS) and promotion of dairy and fisheries cooperatives to enhance rural service delivery.

On a goal to establish two lakh PACS, Shah said the target for the financial year 2025-26 should be completed by Feb next year itself, only then the ambitious goal can be achieved on time.

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **The Indian Express** | **Language** | English |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 01/07/2025 | **Page no** | 5 |
| **CCM** | 45.95 | | |

# National Cooperative Policy for 2025-2045 soon, says Shah


# National Cooperative Policy for 2025-2045 soon, says Shah



**EXPRESS NEWS SERVICE**
NEW DELHI, JUNE 30




**Union Minister Amit Shah chairs a meet on Monday.** *PTI*

UNION COOPERATION Minister Amit Shah said Monday that the new National Cooperative Policy will be unveiled soon and it will be effective from 2025 to 2045 and asked states to announce their respective cooperative policies before the end of January 2026.

Chairing a meeting of Ministers of Cooperation of all States and Union Territories, Shah said that every state should have at least one cooperative training institution affiliated with the Tribhuvan Sahkari University, established earlier this year.

Shah said that the National Cooperative Policy will be effective from 2025 to 2045, i.e., approximately until the centenary of India's independence.

"He said that under the National Cooperative Policy, each state's cooperative policy will be formulated according to the cooperative conditions of that state and specific goals will be set. He said only then will we be able to become an ideal cooperative state by the centenary of independence," according to a statement released by the Cooperation Ministry.

" He said establishing 2 lakh Primary Agricultural Credit Societies (PACS), the target for the financial year 2025-26, should be completed by February next year," the statement said.

"The purpose of the meeting was to review ongoing schemes to strengthen the cooperative movement in India, assess achievements, and provide a dynamic platform to promote collaboration," it said.


Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **The Tribune** | **Language** | English |
| **Edition** | Chandigarh | **Journalist** | |
| **Date** | 01/07/2025 | **Page no** | 11 |
| **CCM** | N/A | | |

# Coop policy catering to needs of states on cards, says Shah


# Coop policy catering to needs of states on cards, says Shah


## Govt aims to establish cooperatives in every village in five years

TRIBUNE NEWS SERVICE

NEW DELHI, JUNE 30

Home and Cooperation Minister Amit Shah announced on Monday that the Centre aims to establish cooperatives in every village within the next five years, utilising a national cooperative database to achieve this objective. He stated that the National Cooperative Policy will be announced soon, with each state's policy tailored to local needs.

Addressing a meeting of the cooperation ministers of states to mark the celebration of 2025 as the International Year of Cooperatives, Shah said the Centre has ensured changes in laws, expansion of activities and transparency in recruitments in the cooperative sector.

Speaking at a meeting with state cooperation ministers to celebrate 2025 as the International Year of Cooperatives, Shah highlighted the Centre's efforts to reform laws, expand activities, and enhance transparency in the cooperative sector.

He directed that at least one cooperative training institute from each state should be affiliated with the Tribhuvan Sahkari University and the entire cooperative training system of the state should be managed through it.



Home Minister Amit Shah at a meeting with state cooperation ministers in New Delhi. PTI

Shah explained that the national cooperative database has been created to identify gaps in cooperative institutions across the country. It will allow cooperative entities at national, state, district, and tehsil levels to see which villages lack cooperative institutions.

The minister emphasised that the goal is to ensure that no village in India is without a cooperative within the next five years, leveraging the cooperative database to meet this target.

The minister further informed that soon the National Cooperative Policy will also be announced, which will be effective from 2025 to 2045, i.e., approximately until the centenary of India's Independence.

He said under the National Cooperative Policy, each state's cooperative policy will be formulated according to the cooperative conditions of that state and specific goals will be set.

Shah said every state should announce its cooperative policy before January 31, 2026. He added that bringing discipline, innovation, and transparency to the cooperative sector across the country will be achieved through the Model National Cooperative Policy Act. He added that regarding establishing 2 lakh Primary Agricultural Credit Societies (PACS), the target for the financial year 2025-26 should be completed by February next year itself, only then can the ambitious goal will be fulfilled on time.


Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Amar Ujala** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 01/07/2025 | **Page no** | 12 |
| **CCM** | 96.87 | | |

# National cooperative policy soon, states will be able to change it according to their needs: Shah

# राष्ट्रीय सहकारिता नीति जल्द, राज्य अपने हिसाब से बदल सकेंगे : शाह

## केंद्रीय मंत्री ने सहकारिता मंत्रियों के साथ किया मंथन, पांच वर्ष में हर गांव में सहकारी समिति का लक्ष्य

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार जल्द ही राष्ट्रीय सहकारिता नीति की घोषणा करेगी, जो 2025 से 2045 तक यानी आजादी के शताब्दी वर्ष के कुछ समय पहले तक अमल में रहेगी। इसी राष्ट्रीय सहकारिता नीति के आधार पर सभी राज्य अपनी जरूरतों के अनुरूप सहकारिता नीति तैयार कर लक्ष्य भी तय कर सकेंगे।

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को देशभर के सहकारिता मंत्रियों के साथ बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सहकारिता क्षेत्र को मजबूत करके ही भारत आजादी के शताब्दी वर्ष तक एक आदर्श सहकारी राष्ट्र बन सकेगा। सहकारिता क्षेत्र को मजबूती प्रदान करने के लिए आयोजित मंथन बैठक का उद्देश्य मौजूदा योजनाओं की समीक्षा, उपलब्धियों का आंकलन और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करना है।

सहकारिता मंत्रालय की तरफ से आयोजित इस बैठक में शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश में पुराने सहकारिता के संस्कार को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ नए परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखकर ही सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की थी। शाह ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच साल में देश में एक भी गांव ऐसा न रहे, जहां एक कोई कोऑपरेटिव न हो और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सहकारी डाटाबेस का उपयोग किया जाना चाहिए। शाह ने कहा कि देश में मोदी सरकार आने के बाद ही सामाजिक परिवर्तन का एक नया परिदृश्य सामने आया। पहले भारत में लगभग 60-70 करोड़ लोग ऐसे थे, जिनके पास कई पीढ़ियों तक जीवन जीने की मूलभूत सुविधाएं भी नहीं थीं। 2014 से 2024 तक के कालखंड में ही मोदी सरकार ने करोड़ों लोगों का सपना पूरा कर दिया और इन्हें घर, शौचालय, पीने का पानी, अनाज, स्वास्थ्य, गैस सिलिंडर आदि सुविधाएं मिलने लगीं।



देशभर के सहकारिता मंत्रियों के साथ राष्ट्रीय सहकारिता नीति पर मंथन बैठक में गृह मंत्री शाह।

### सहकारिता से बदल सकता है जीवन

शाह ने कहा कि करोड़ों लोग अब अपने जीवन को और बेहतर बनाने के लिए उद्यम करना चाहते हैं, लेकिन इनके पास पूंजी नहीं है। इन करोड़ों लोगों की छोटी-छोटी पूंजी से बड़ा काम करने का एकमात्र रास्ता सहकारिता है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे 140 करोड़ की आबादी वाले देश के लिए दो चीजें बेहद जरूरी हैं- एक, जीडीपी और जीएसडीपी का विकास और 140 करोड़ लोगों के लिए रोजगार का सृजन। देश के हर व्यक्ति को काम मुहैया कराने के लिए सहकारिता के सिवा कोई अन्य विकल्प नहीं है।

### ग्रामीणों के प्रति संवेदनशीलता जरूरी

शाह ने कहा, संवेदनशीलता के साथ देश के करोड़ों छोटे किसानों और ग्रामीणों के कल्याण के लिए सहकारिता को पुनर्जीवित करना ही होगा। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। इसे सफल बनाने के लिए भारत सरकार ने 60 पहल की हैं। इनमें एक महत्वपूर्ण पहल है राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस का निर्माण, जिसकी मदद से यह पता लगाया जा सकता है कि कमी कहां रह गई है। राष्ट्रीय सहकारी डाटाबेस इसीलिए बनाया गया कि राष्ट्रीय, राज्य, जिला और तहसील स्तर की सहकारी संस्थाएं मिलकर ये देख सकें कि किस राज्य के किस गांव में एक भी सहकारी संस्था नहीं है।

### त्रिभुवन यूनिवर्सिटी की भूमिका व्यापक बनाएंगे

शाह ने कहा कि भारत में सहकारिता आंदोलन छिन्न-भिन्न होने की तीन वजहें रही हैं। एक तो समय के साथ कानून नहीं बदले गए, सहकारिता गतिविधियों में समय के साथ बदलाव नहीं किए गए और फिर इस क्षेत्र में सारी भर्तियां भाई-भतीजावाद से होती थीं। मोदी सरकार ने इस दिशा में बदलाव किए और त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी स्थापित की गई। शाह ने सभी राज्यों से कहा कि कम से कम एक सहकारिता प्रशिक्षण संस्था को त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी के साथ जोड़ें। इसके जरिये राज्य के कोऑपरेटिव आंदोलन की ट्रेनिंग की समग्र व्यवस्था त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी के माध्यम से की जाए।

**नवगठित बहु-राज्य सहकारी समितियों के कामकाज की समीक्षा...**बैठक के दौरान तीन नवगठित राष्ट्रीय बहु-राज्य सहकारी समितियों-राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लि., राष्ट्रीय सहकारी जैविक लि. और भारतीय बीज सहकारी समिति लि. के कामकाज में राज्यों की भूमिका की समीक्षा की गई। साथ ही एक टिकाऊ और सर्कुलर डेयरी अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से श्वेत क्रांति 2.0 पहल पर विचार विमर्श किया गया।

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Dainik Bhaskar** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 01/07/2025 | **Page no** | 2 |
| **CCM** | 25.19 | | |

# There should be cooperatives in every village of the country in the next 5 years: Amit Shah

### सहकारिता मंत्रियों की मंथन बैठक

# अगले 5 साल में देश के हर गांव में कोऑपरेटिव हो: अमित शाह



**भास्कर न्यूज | नई दिल्ली**

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष-2025 के उपलक्ष्य में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों के साथ 'मंथन बैठक' की अध्यक्षता की। मंथन बैठक का उद्देश्य भारत में सहकारिता आंदोलन को मजबूत करने के लिए चल रहीं योजनाओं की समीक्षा, उपलब्धियों का आंकलन और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक गतिशील मंच प्रदान करना है।

गृह मंत्री शाह ने कहा कि देश के हर व्यक्ति के लिए काम के सृजन के लिए सहकारिता के सिवा कोई अन्य विकल्प नहीं है और इसीलिए 4 साल पहले बहुत दूरदर्शिता के साथ सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई। हमें संवेदनशीलता के साथ देश के करोड़ों छोटे किसानों और ग्रामीणों के कल्याण के लिए सहकारिता को पुनर्जीवित करना ही होगा, क्योंकि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। मोदी सरकार का लक्ष्य है कि अगले 5 साल में देश में एक भी गांव ऐसा न रहे, जहां एक भी कोऑपरेटिव न हो और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सहकारी डेटाबेस का उपयोग करना चाहिए।

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Jansatta** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 01/07/2025 | **Page no** | 10 |
| **CCM** | 44.84 | | |


# Soon the central government will bring a National Cooperative Policy


# 'जल्द ही केंद्र सरकार राष्ट्रीय सहकारिता नीति लेकर आएगी'

**जनसत्ता ब्यूरो**
**नई दिल्ली, 30 जून।**

केंद्र सरकार कुछ ही समय में राष्ट्रीय सहकारिता नीति की घोषणा करेंगी। केंद्रीय गृह एंव सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को एक कार्यक्रम में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह नीति 2025 से 2045 तक, यानी लगभग आजादी की शताब्दी तक अमल में रहेगी। नई राष्ट्रीय सहकारिता नीति के तहत हर राज्य की सहकारिता नीति वहां की सहकारिता की स्थिति के अनुरूप बने और इसके लक्ष्य भी निर्धारित होंगे। उन्होंने कहा कि तभी आज़ादी की शताब्दी तक हम एक आदर्श कोआपरेटिव स्टेट बन सकेंगे।

शाह ने कहा कि भारत में सहकारिता आंदोलन के छिन्न-भिन्न होने के मुख्य कारण समय पर कानून नहीं बदलना और सहकारिता की गतिविधियों को समय के साथ जोड़ना रहा है। पहले सहकारिता में सारी भर्तियां भाई-भतीजावाद से होती थीं और इसीलिए त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी का विचार किया गया। शाह ने आग्रह किया कि हर राज्य की कम से कम एक सहकारिता प्रशिक्षण संस्था, त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी के साथ जुड़े और राज्य के कोआपरेटिव आंदोलन का प्रशिक्षण त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी के माध्यम से ही हो।

शाह ने कहा कि भारत में लगभग 60-70 करोड़ लोग ऐसे थे, जिनके पास कई पीढ़ियों तक जीवन जीने की मूलभूत सुविधाएं भी नहीं थीं। 2014 से 2024 तक के 10 साल के कालखंड में ही केंद्र सरकार ने इन करोड़ों लोगों का सपना पूरा कर दिया और इन्हें घर, शौचालय, पीने का पानी, अनाज, स्वास्थ्य, गैस सिलिंडर आदि सुविधाएं प्रदान कर दीं। देश के हर व्यक्ति के लिए काम के सृजन के लिए सहकारिता के सिवा कोई अन्य विकल्प नहीं है और इसीलिए चार साल पहले बहुत दूरदर्शिता के साथ सहकारिता मंत्रालय की स्थापना की गई। उन्होंने कहा कि हमें संवेदनशीलता के साथ देश के करोड़ों छोटे किसानों और ग्रामीणों के कल्याण के लिए सहकारिता को पुनर्जीवित करना ही होगा, क्योंकि इस क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं।



नई नीति के तहत हर राज्य के हिसाब से तैयार होगी सहकारिता नीति।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस इसीलिए बनाया गया है कि राष्ट्रीय, राज्य, जिला और तहसील स्तर की सहकारी संस्थाएं मिलकर ये देख सकें कि किस राज्य के किस गांव में एक भी सहकारी संस्था नहीं है। केंद्र सरकार का लक्ष्य है कि अगले पांच साल में देश में एक भी गांव ऐसा न रहे, जहां एक भी कोआपरेटिव न हो और इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए सहकारी डेटाबेस का उपयोग करना चाहिए। इस बैठक में देशभर के सहकारिता मंत्रियों, अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों और सहकारिता विभागों के सचिवों ने हिस्सा लिया।

Downloaded from
SAMVAD

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Publication** | **Rajasthan Patrika** | **Language** | Hindi |
| **Edition** | New Delhi | **Journalist** | Bureau |
| **Date** | 01/07/2025 | **Page no** | 2 |
| **CCM** | 36.89 | | |


# Modi government's goal is to have cooperatives in every village in 5 years: Shah

गृह एवं सहकारिता मंत्री ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष पर सभी राज्यों के सहकारिता मंत्रियों के साथ मंथन बैठक में दिए निर्देश

## मोदी सरकार का लक्ष्य, 5 वर्षों में हर गांव में कोऑपरेटिव हो : शाह


पत्रिका ब्यूरो
patrika.com





**नई दिल्ली** . केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष - 2025 के उपलक्ष्य में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सहकारिता मंत्रियों के साथ मंथन बैठक' की अध्यक्षता करते हुए कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य है कि अगले 5 वर्षों में हर गांव में कोऑपरेटिव हो, इसके लिए राष्ट्रीय सहकारी डेटाबेस का उपयोग होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने सहकारिता क्षेत्र में कानूनों में बदलाव, गतिविधियों का विस्तार और भर्तियों में पारदर्शिता सुनिश्चित की। हर राज्य की कम से कम एक सहकारी प्रशिक्षण संस्था त्रिभुवन सहकारी यूनिवर्सिटी से जुड़े और राज्य के सहकारी प्रशिक्षण की समग्र व्यवस्था वहीं से हो। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय सहकारिता नीति की जल्द घोषणा होगी, इसके तहत हर राज्य की नीति स्थानीय जरूरतों के अनुसार बनाने पर ध्यान देना होगा।

गृहमंत्री अमित शाह ने बैठक में कहा कि राज्यों के सहकारिता मंत्री, कृषि मंत्रियों संग मिलकर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दें, ताकि जनस्वास्थ्य और धरती दोनों का हित हो। अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सहकारिता मंत्रालय की स्थापना देश में बहुत पुराने सहकारिता के संस्कार को पुनर्जीवित करने के साथ-साथ नए परिप्रेक्ष्य को ध्यान में रखकर की है। उन्होंने कहा कि देश में सामाजिक परिवर्तन और नया परिदृश्य नरेन्द्र मोदी सरकार आने के बाद आया है। उन्होंने कहा कि भारत में लगभग 60-70 करोड़ लोग ऐसे थे, जिनके पास कई पीढ़ियों तक जीवन जीने की मूलभूत सुविधाएं भी नहीं थीं।


Downloaded from
SAMVAD